**Dainik Bhaskar (Indore), 12th August 2020, Page-4**

# आईआईटी 24 से शुरू करेगा नया सत्र, सेमेस्टर ब्रेक और दिवाली की छुट्टियां नहीं

## प्रबंधन का फैसला, ऑनलाइन होगी सभी कोर्स की पढ़ाई

भास्कर संवाददाता | इंदौर

आईआईटी इंदौर ने नए सत्र का अकादमिक कैलेंडर जारी किया है। इसके अनुसार आईआईटी ने मिड सेमेस्ट ब्रेक के रूप में दी जाने वाली एक सप्ताह से ज्यादा की छुट्टियां खत्म कर दी हैं। दीपावली पर भी कोई छुट्‌टी संस्थान ने नहीं दी है। हालांकि शनिवार होने के कारण कॉलेज की छुट्टी रहेगी। अगस्त से शुरू होने वाले सेमेस्टर में बीटेक, एमटेक, एमएससी और एमएस रिसर्च के छात्र लंबे समय तक बगैर छुट्टी के पढ़ाई करेंगे। 24 अगस्त से शुरू हो रहे सत्र में पूरी तरह से ऑनलाइन पढ़ाई होगी।

आईआईटी प्रबंधन के अनुसार मिड सेमेस्टर परीक्षा के बाद आमतौर पर छात्रों को आठ से दस दिन की छुट्टी दी जाती थी। इस बार उसे कम किया गया है। सप्ताहांत होने के कारण शनिवार-रविवार की छुट्टी छात्रों को मिलेगी। दिवाली पर भी शनिवार की ही छुट्टी मिलेगी। कोरोना के कारण देर से शुरू हो रहे सत्र के कारण प्रबंधन को यह कदम उठाना पड़ा है। पीआरसीएलओ कमांडर सुनील कुमार ने बताया प्रबंधन ने नया सत्र भी 24 अगस्त से शुरू करने का फैसला लिया है। बीटेक के तीसरे, पांचवें और सातवें सेमेस्टर सहित अन्य सभी कोर्स की पढ़ाई ऑनलाइन ही करवाई जाएगी।